# समानता के प्रकार

## Types of Equality

समानता के निम्नलिखित प्रकार हैं—

### 1) वैधिक या कानूनी समानता

कानूनी समानता का अर्थ यह है कि राज्य के द्वारा अपने नागरिकों के साथ मनमाना व्यवहार नहीं किया जा सकता कानून की दृष्टि में सभी नागरिक समान हो और सभी नागरिकों को कानून का समान संरक्षण प्राप्त हो। ब्रिटेन की संवैधानिक व्यवस्था 'विधि का शासन' कानूनी समानता की स्थिति को प्राप्त करने की ही व्यवस्था है। कानूनी समानता निम्न प्रकार की हो सकती है।—

(a) **कानून के समक्ष समानता** :— इसका अर्थ यह है कि कानून के सामने सभी व्यक्ति समान हैं। राज्य सभी व्यक्तियों के लिए एक जैसा कानून बनाएगा और इन कानूनों को एक समान लागू करेगा। राज्य जन्म, वंश, लिंग, धर्म, जाति अमीर-गरीब या ऊँच-नीच के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करेगा।

(b) **कानून का समान संरक्षण** :- कानून के समक्ष समानता कानूनी समानता का नकारात्मक पक्ष है, लेकिन इसके साथ ही कानूनी समानता का एक सकारात्मक पक्ष भी है, जिसका अर्थ है कि राज्य के सभी नागरिकों को कानून का समान संरक्षण प्राप्त होगा। राज्य कानूनों के माध्यम से अपने नागरिकों को जो स्वतंत्रताएँ प्रदान करता है तथा शिक्षा स्वास्थ्य और जीवन के अन्य क्षेत्रों में जो सुविधाएँ प्रदान करता है उनके संबंध में राज्य अपने नागरिकों में कोई भेदभाव नहीं करेगा।

Scanned with CamScanner